पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-07 सोमवार, दिनांक- 07 जुलाई, 2014 ई० ।

मा‍ननीय अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.05 बजे पूर्वा० तक

''माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और जो भी बात कहनी है उसे वे अपनी सीट पर जाकर कहें । परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।''

(स्थगनोपरान्त)

12.00 बजे मध्या० से 12.05 बजे अप० तक ।

[1] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री नितिन नवीन से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

मा० प्रभारी मंत्री श्रीमती लेशी सिंह द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 16(2) एवं बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली, 2010 के नियम-21(3) के तहत बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का वर्ष 2010-13 का विशेष प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

''इस दौरान पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी मांगों को लेकर वेल में आकर शोरगुल करने लगे ।

आसन द्वारा बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 2.05 बजे अप० तक ।

[3] <u>वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

<u>जल संसाधन विभाग</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । इस पर कटौती का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया । इस दौरान पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में आकर अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करने लगे ।

आसन से बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 03.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>(स्थगनोपरान्त)</u>

3.00 बजे अप० से 3.05 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में आकर शोरगुल करने लगे ।

आसन से अनेकों बार अनुरोध किए जाने के बाद भी शांति कायम नहीं हो सकी तथा सदन की कार्यवाही 04.45 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>(स्थगनोपरान्त)</u>

04.45 बजे अप० से 04.50 बजे अप० तक ।

माननीय प्रभारी मंत्री जल संसाधन विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से अनुदान की मांग के संबंध में संक्षेप में पक्ष रखा गया तथा उनके लिखित भाषण को पढ़ा हुआ मान लिया गया जो कार्यवाही का अंग बना ।

इस दौरान पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर वेल में आकर शोरगुल करने लगे ।

आसन से अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 04.57 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>(स्थगनोपरान्त)</u>

04.57 बजे अप० से 05.02 बजे अप० तक ।

सदन द्वारा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[4] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 25 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

[5] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने श्री राम प्रवेश राय, पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाए ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 08.07.2014 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-07.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।